

RNI No.: UPHIN/25/A1698
NAVSARJAN SANSKRUTI

# नवसर्जन संस्कृति

नवसर्जन संस्कृति
लखनऊ से प्रकाशित दैनिक

वर्ष : 01
अंक : 326
दि. 30.03.2026, सोमवार
पाना : 04
किंमत : 00.50 पैसा

## त्रिशूर में प्रधानमंत्री मोदी के रोडशो ने केरल की सियासत में नई हलचल पैदा की

(जीएनएस)।

त्रिशूर में प्रधानमंत्री मोदी के रोडशो ने केरल की सियासत में नई हलचल पैदा कर दी है. भारी भीड़ और 'जय जय मोदी' के नारों के बीच बीजेपी ने अपनी ताकत का प्रदर्शन किया. महिला मतदाताओं में खास उत्साह और स्थानीय नेताओं की सक्रियता से पार्टी आत्मविश्वास में नजर आ रही है.

केरल के त्रिशूर में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के रोडशो में जबरदस्त उत्साह देखने को मिला. त्रिशूर के प्रसिद्ध स्वराज गोलचक्कर के पास हजारों की भीड़ 'जय जय मोदी, जय जय बीजेपी' के नारों के साथ पीएम का स्वागत करती नजर आई. केरल की सांस्कृतिक राजधानी त्रिशूर इस दौरान पूरी तरह केसरिया रंग में रंगी दिखाई दी. प्रधानमंत्री इससे पहले पलक्कड़ में एक बड़ी रैली को संबोधित कर त्रिशूर पहुंचे थे.

इस दौरान उन्होंने पारंपरिक 'मुंडू' पहनकर लोगों का अभिवादन किया और चेंडा वाद्य यंत्र भी बजाने की कोशिश की, जिससे स्थानीय लोगों में खास उत्साह दिखा. पीएम ने एनडीए उम्मीदवार शोभा सुरेंद्रन के समर्थन में प्रचार किया और अपने भाषण में वाम दलों और कांग्रेस पर वोटबैंक की राजनीति करने का आरोप लगाया. उन्होंने मुख्यमंत्री पिनाराई विजयन के 'बी टीम' वाले बयान पर भी तंज कसा.

पलक्कड़ को बीजेपी का मजबूत क्षेत्र माना जाता है. यहां पहले मेट्रो मैन ई श्रीधरन ने बीजेपी उम्मीदवार के रूप में चुनाव लड़ा था और मामूली




अंतर से हार गए थे. बाद में यहां उपचुनाव भी हुआ, जब कांग्रेस के विधायक राहुल मामकूटाथिल को यौन उत्पीड़न के आरोपों के चलते हटाया गया. हालांकि, पूरे कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण त्रिशूर का रोडशो रहा. इस दौरान केंद्रीय मंत्री और त्रिशूर सांसद सुरेश गोपी, बीजेपी उम्मीदवार पद्मजा वेणुगोपाल भी पीएम के साथ मौजूद रहे.

पद्मजा, जो दिग्गज कांग्रेस नेता के करुणाकरण की बेटी हैं, उन्होंने पिछला चुनाव कांग्रेस के टिकट पर लड़ा था, लेकिन इस बार बीजेपी में शामिल होकर सबको चौंका दिया. ग्राउंड पर महिला मतदाताओं में भी खास उत्साह देखने को मिला. बीजेपी के नेतृत्व वाले राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन ने इस बार बड़ी संख्या में महिला उम्मीदवारों को मैदान में उतारा है और पीएम ने आज दो महिला उम्मीदवारों के लिए प्रचार किया.

स्थानीय महिलाओं का कहना है, त्रिशूर में बीजेपी जीतेगी. जब उनसे पूछा गया कि पार्टी को बढ़त किससे मिल रही है, तो उन्होंने सुरेप गोपी के काम का जिक्र किया और कहा कि उनकी लोकप्रियता चुनाव में दिखेगी. एक उत्साही समर्थक माला ने कैमरे पर आकर खुशी जाहिर की और कहा, 'मैं इंडिया टुडे को यहां देखकर बहुत खुश हूं. मैं चैनल को नियमित रूप से देखती हूं. बीजेपी यहां जीतने जा रही है. जय नमो.'

केरल में अब तक राजनीति मुख्य रूप से एलडीएफ और यूडीएफ के बीच रही है, लेकिन बीजेपी अब खुद को तीसरे विकल्प के रूप में स्थापित करने की कोशिश कर रही है. हर चुनाव में पार्टी अपनी मौजूदगी मजबूत करती दिख रही है, लेकिन इस बार का विधानसभा चुनाव उसके लिए असली परीक्षा साबित होगा.

## प्रधानमंत्री ने 'मन की बात' की 132वीं कड़ी में अपने संबोधन की कुछ झलकियाँ साझा की

(जीएनएस)।

प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने आज 'मन की बात' की 132वीं कड़ी में अपने संबोधन की कुछ झलकियाँ साझा की।

श्री मोदी ने कई पोस्टों की एक श्रृंखला में कहा;

'140 करोड़ देशवासियों के सामर्थ्य से भारत मौजूदा युद्ध से पैदा हुए वैश्विक संकट का डटकर मुकाबला कर रहा है। मुझे पूरा विश्वास है कि एकजुट रहकर हम पहले की तरह ही इस कठिन चुनौती से पूरी तरह बाहर निकल आएंगे।




'आज हर तरफ योग के प्रति बढ़ते आकर्षण को देखना बहुत सुखद है। फिटनेस को लेकर देशवासियों से एक बार फिर मेरा यह आग्रह

'देश के कोने-कोने में पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना का लाभ जिस तरह लोग उठा रहे हैं, वह बहुत उत्साहित करने वाला है। गुजरात और उत्तर प्रदेश से लेकर राजस्थान और त्रिपुरा तक के उदाहरण बताते हैं कि इससे आय बढ़ने के साथ ही लोगों का जीवन और आसान बन रहा है।

'त्रिपुरा से लेकर छत्तीसगढ़ और तेलंगाना तक जल संरक्षण के प्रयास हर किसी के लिए मिसाल बने हैं। जनभागीदारी के इन अभियानों से ना केवल पानी की समस्या दूर हुई है, बल्कि बीमारियां भी कम हो रही हैं।

'यदि आप संस्कृति और पांडुलिपियों के प्रति समर्पित हैं, तो ज्ञान भारतम सर्वेक्षण में आपको अवश्य भाग लेना चाहिए।

इस दिशा में अरुणाचल प्रदेश, लेह, पंजाब और राजस्थान के प्रयासों को विशेष रूप से बताया गया है।

'बजट क्वेस्ट, माय भारत टीम का एक शानदार प्रयास है।

हमारे युवा शक्ति द्वारा लिखे गए कुछ निबंध राष्ट्र निर्माण के प्रति उनके जुनून को दशार्ते हैं।

'भारत को जम्मू और कश्मीर की टीम की रणजी ट्रॉफी में ऐतिहासिक जीत पर गर्व है। इसका जम्मू और कश्मीर पर बहुत सकारात्मक प्रभाव पड़ेगा और यह कई अन्य लोगों को खेल में अपना करियर बनाने के लिए प्रेरित करेगा। आज की मन की बात के दौरान, अन्वेषण नामक एक प्रयास की सराहना की, इसका उद्देश्य जमीनी स्तर पर विज्ञान को लोकप्रिय बनाना है। 'नागा समुदाय ने यह दिखाया है कि परंपरा का संरक्षण कैसे किया जा सकता है और साथ ही हम अपने दृष्टिकोण में भविष्योन्मुखी कैसे हो सकते हैं। 'भारत को अपने मछुआरों पर गर्व है! ओडिशा, लक्षद्वीप और कर्नाटक के उन प्रयासों को दशार्या गया है जो दशार्ते हैं कि यह क्षेत्र आत्मनिर्भर भारत में किस प्रकार योगदान दे रहा है।'वाराणसी, उत्तर प्रदेश और नागालैंड के ये प्रयास इस बात को दशार्ते हैं कि कैसे प्रकृति की देखभाल करना हमारी लोकाचार का एक अभिन्न अंग है।

### लाडकी बहीण योजना': खुशखबरी, जारी की गई फरवरी की किश्त

महायुति सरकार की 'मुख्यमंत्री माझी लाडकी बहीण योजना' के तहत राज्य की गरीब और जरूरतमंद




महिलाओं को प्रतिमाह 1500 रुपये की वित्तीय सहायता दी जाती है। इस योजना की लाखों महिलाओं के लिए बड़ी खबर सामने आई है। राज्य सरकार ने 'मुख्यमंत्री माझी लाड़की बहीण योजना' के तहत फरवरी महीने की सम्मान निधि के वितरण की प्रक्रिया शुरू कर दी है।

महिला एवं बाल विकास मंत्री अदिति तटकरे ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर यह जानकारी साझा की।

## 'मेरी जान को खतरा, 1.20 करोड़ वोट गायब', ममता का बड़ा आरोप-भाजपा आई तो मछली-अंडे पर लगेगी रोक

(जीएनएस)।

पश्चिम बंगाल के पुरुलिया में चुनावी माहौल के बीच ममता बनर्जी ने एक बड़ी जनसभा को संबोधित करते हुए भारतीय जनता पार्टी (BJP) पर तीखा हमला बोला। अपने भाषण में उन्होंने कई गंभीर आरोप लगाए और कहा कि उनके खिलाफ साजिश रची जा रही है, यहां तक कि उनकी जान को भी खतरा हो सकता है। उनके इस बयान ने राज्य की सियासत को और गरमा दिया है।

ममता बनर्जी ने कहा- "मेरी जान को खतरा, साजिश की बू आ रही है"

ममता बनर्जी ने अपने संबोधन में दावा किया कि राजनीतिक माहौल ऐसा बनाया जा रहा है जिससे उनके खिलाफ कोई बड़ी साजिश रची जा सके। उन्होंने पिछले चुनाव का जिक्र करते हुए कहा कि उस समय उनके साथ हिंसा हुई थी और उनके पैर में चोट लगी थी, लेकिन इसके बावजूद उन्होंने व्हीलचेयर पर बैठकर प्रचार किया। उन्होंने सवाल उठाया कि क्या



फिर से वैसी ही साजिश की तैयारी हो रही है। उनके मुताबिक, कुछ नेताओं के बयानों से साफ संकेत मिलते हैं कि उनके खिलाफ माहौल बनाया जा रहा है।

बिना नाम लिए ममता ने अमित शाह पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि एक बड़े नेता चार्जशीट जारी करने में व्यस्त थे, लेकिन जब विदेश से लोगों को जंजीरों में बांधकर भारत लाया गया, तब वे कहां थे। ममता ने BJP पर आरोप लगाया कि वह दंगे भड़काकर सत्ता हासिल करती है। उन्होंने कहा कि जिन राज्यों में इखढ की सरकार है, वहां आदिवासियों और महिलाओं पर अत्याचार की घटनाएं सामने आती हैं।

सभा में सबसे बड़ा मुद्दा वोटर लिस्ट को लेकर उठाया गया। ममता बनर्जी ने दावा किया कि करीब 1 करोड़ 20 लाख मतदाताओं के नाम चुपचाप सूची से हटा दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि उनकी पार्टी इस मुद्दे को लेकर गंभीर है और जिन लोगों के नाम हटाए गए हैं, उनकी मदद के लिए कैंप लगाए जाएंगे। ताकि वे दोबारा अपना नाम जुड़वा सकें।

### सावधान! मुंबई में सिलेंडर के नाम पर चल रहा स्कैम, 1 क्लिक में खाली हो रहा बैंक खाता

सिलेंडर की किल्लत और गैस आपूर्ति की अनिश्चितता ने आम लोगों को पहले से ही परेशान कर रखा है। इस फायदा उठाकर



साइबर अपराधी तेजी से सक्रिय हो गए हैं। गैस किल्लत के बीच मुंबई साइबर ठगों का लोगों को लूटने का नया खेल उजागर हुआ है। साइबर ठग महानगर गैस के नाम का दुरुपयोग कर लोगों को निशाना बना रहे हैं। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार एपीके फाइलों के जरिए बैंक खातों से लाखों रुपये चुराए जा रहे हैं, जिससे उपभोक्ताओं में डर और वित्तीय नुकसान का खतरा बढ़ गया है। ये अधिकारी बनकर गैस कनेक्शन काटने या बिल बकाया होने को लेकर डराते हैं और लोगों को अपने जाल में फंसा रहे हैं।

## डीएमके के नये घोषणा पत्र में महिलाओं को ₹2000 महीना-₹8000 के कूपन, कैसे ये प्लान बनेगा गेम चेंजर?

(जीएनएस)।

तमिलनाडु में चुनावी माहौल गर्म हो चुका है और इसी बीच एमके स्टालिन की पार्टी डीएमके ने अपना बड़ा चुनावी दांव खेल दिया है। नए घोषणापत्र में महिलाओं, छात्रों और किसानों को लेकर कई बड़े वादे किए गए हैं, जो सीधे वोटर्स को प्रभावित करने की क्षमता रखते हैं।

मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने चेन्नई में घोषणापत्र पेश करते हुए महिलाओं को सबसे बड़ा तोहफा दिया। कलाइग्नार मगलिर उरिमई थोगाई योजना के तहत मासिक सहायता ₹1000 से बढ़ाकर ₹2000 कर दी जाएगी। 1.34 करोड़ महिलाओं को सीधे फायदा पहुंचेगा। साथ ही महिलाओं को घरेलू उपकरण खरीदने के लिए ₹8000 का कूपन ('इल्लाथु अरसी' योजना)। क्या ये वादे महिलाओं के वोट बैंक को पूरी तरह DMK की तरफ खींच लेंगे? आइए पूरी लिस्ट और गेम चेंजर फैक्टर समझते हैं...



सबसे बड़ी घोषणाएं (महिलाओं पर फोकस)

डीएमके ने अपना चुनावी दांव महिलाओं, छात्रों और किसानों पर केंद्रित किया है। यहां प्रमुख वादे:

| योजना | मौजूदा लाभ | नया वादा | कितने लोगों को फायदा? |
| --- | --- | --- | --- |
| कलाइग्नार महिला अधिकार योजना | ₹1000/महीना | ₹2000/महीना | 1.34 करोड़ महिलाएं |
| बुजुर्ग महिलाओं की सहायता | ₹1200/महीना | ₹2000/महीना | लाखों बुजुर्ग महिलाएं |
| दिव्यांगजनों की सहायता | ₹1200/महीना | ₹1500/महीना | शारीरिक रूप से दिव्यांग |
| इल्लाथु अरसी योजना | – | ₹8000 का कूपन (वॉशिंग मशीन, ग्राइंडर, टीवी, माइक्रोवेव आदि) | पात्र महिलाएं |
| मुख्यमंत्री नाश्ता योजना | कक्षा 5 तक | कक्षा 8 तक विस्तार | स्कूली बच्चे |
| मुफ्त लैपटॉप | – | 3 6 लाख छात्रों को | कॉलेज/स्कूल छात्र |

### अचानक गिर पड़े पाकिस्तान के उप प्रधानमंत्री, विदेशी मेहमान के सामने बैलेंस खो बैठे

पाकिस्तान के उप प्रधानमंत्री और विदेश मंत्री इशाक डार हाल ही में एक औपचारिक कार्यक्रम के दौरान संतुलन बिगड़ने से गिर पड़े। यह घटना तब हुई जब वे इस्लामाबाद में मिस्र के विदेश



मंत्री का स्वागत कर रहे थे।

हालांकि, इस मामूली दुर्घटना के बावजूद वे पूरी तरह स्वस्थ हैं और अपने कूटनीतिक कार्यों में व्यस्त हैं। इस समय पाकिस्तान, अमेरिका और ईरान के बीच बढ़ते तनाव को कम करने के लिए एक महत्वपूर्ण मध्यस्थ की भूमिका निभाने की कोशिश कर रहा है।

## पूरे मोटापे की तुलना में पेट या शरीर के मध्य मोटापा एक बड़ा जोखिम : डॉ. जितेंद्र सिंह

(जीएनएस)।

विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी, पृथ्वी विज्ञान, केन्द्रीय राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) और प्रधानमंत्री कार्यालय, कार्मिक, लोक शिकायत एवं पेंशन, परमाणु ऊर्जा विभाग और अंतरिक्ष विभाग के राज्य मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह ने आज यहां कहा कि पूरे मोटापे की तुलना में पेट या शरीर के मध्य मोटापा एक बड़ा जोखिम है, विशेष रूप से भारतीय संदर्भ में जहां दुबले-पतले दिखने वाले व्यक्तियों में भी अक्सर काफी मात्रा में आंतरिक वसा पाया जाता है। उन्होंने स्पष्ट किया कि शरीर के मध्य मोटापा अपने आप में मोटापे से अलग एक जोखिम है।

यहां एक समारोह में ह्लएडवांसेज इन ओबेसिटी एंड लिपिड मैनेजमेंट इन सीवीडी' नामक कार्डियोलॉजी की एक व्यापक पाठ्यपुस्तक का



विमोचन करते हुए, डॉ. जितेंद्र सिंह ने कहा कि शरीर के मध्य मोटापा, यहां तक कि देखने में सामान्य दिखने वाले व्यक्तियों में भी, मधुमेह, उच्च रक्तचाप, हृदय रोग, फैटी लिवर, डिस्लिपिडेमिया आदि सहित कई चयापचय संबंधी विकारों का कारण बन सकता है।

भारतीय शारीरिक संरचना की विशिष्टता का उल्लेख करते हुए मंत्री जी ने कहा कि यद्यपि पुरुषों और महिलाओं दोनों में मोटापा बढ़ रहा है, फिर भी पेट के मोटापे की व्यापकता कहीं अधिक है और यह हृदय संबंधी रोगों के जोखिम का एक अलग कारण है। पेट के आसपास आंतरिक वसा की उपस्थिति, सामान्य मोटापे के बिना भी, महत्वपूर्ण नैदानिक निहितार्थ रखती है और इसके लिए शीघ्र पहचान और लक्षित उपचार की आवश्यकता होती है।

डॉ. जितेंद्र सिंह ने इस प्रकाशन को सामयिक और प्रासंगिक बताते हुए कहा कि यह पुस्तक प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के आह्वान के अनुसार मोटापे की बढ़ती समस्या से निपटने की राष्ट्रीय प्राथमिकता के अनुरूप है।




## उपराष्ट्रपति श्री सी.पी. राधाकृष्णन ने आज नई दिल्ली में टेली-लॉ पहल पर राष्ट्रीय परामर्श को संबोधित किया

**उपराष्ट्रपति ने टेली-लॉ पहल के तहत न्याय तक समावेशी और तकनीक-आधारित पहुंच का आह्वान किया**

**टेली-लॉ न्याय के अंतर को पाटने और नागरिक-केंद्रित कानूनी व्यवस्था को मजबूत करने में सहायक होगा: उपराष्ट्रपति**

**'सभी के लिए सुलभ, किफायती और समय पर न्याय लोकतंत्र का मूल आधार है': उपराष्ट्रपति**



(जीएनएस)।

भारत के उपराष्ट्रपति श्री सी.पी. राधाकृष्णन ने आज नई दिल्ली में विधि और न्याय मंत्रालय द्वारा आयोजित न्याय तक समग्र पहुंच के लिए अभिनव समाधान डिजाइन करने (दिशा) योजना की टेली-लॉ पहल पर राष्ट्रीय परामर्श 2026 को संबोधित किया और सभी नागरिकों के लिए सुलभ, किफायती और समय पर न्याय की आवश्यकता पर जोर दिया।

उन्होंने इस बात पर जोर देते हुए कहा कि न्याय तक पहुंच लोकतंत्र का आधार है और राष्ट्रीय परामर्श इस बात को सुनिश्चित करने की सामूहिक प्रतिबद्धता को दशार्ता है कि न्याय कुछ लोगों का विशेषाधिकार नहीं बल्कि सभी के लिए उपलब्ध अधिकार है।

उपराष्ट्रपति ने हाल ही में हुए कानूनी सुधारों का उल्लेख करते हुए कहा कि नए आपराधिक कानूनों में बदलाव, प्रक्रियाओं को सरल बनाकर और दक्षता में सुधार करके, अधिक नागरिक-केंद्रित न्याय प्रणाली की ओर एक ऐतिहासिक बदलाव किया गया है।

उन्होंने शासन में प्रौद्योगिकी की परिवर्तनकारी भूमिका का उल्लेख करते हुए प्रत्यक्ष लाभ हस्तांतरण (डीबीटी) और टेली-मेडिसिन जैसी पहलों का उदाहरण दिया और टेली-लॉ पहल को कानूनी सेवाओं के लोकतंत्रीकरण का एक शक्तिशाली माध्यम बताया। उन्होंने कहा कि मुकदमे से पहले कानूनी सलाह विवादों को शीघ्र सुलझाने, अनावश्यक मुकदमेबाजी को कम करने और अदालतों पर बोझ कम करने में सहायक हो सकती है।

उपराष्ट्रपति ने भाषाई समावेशन के महत्व पर जोर देते हुए भारत के संविधान को कई क्षेत्रीय भाषाओं में उपलब्ध कराने के प्रयासों के बारे में बताया और समझ और भागीदारी को बढ़ाने के लिए स्थानीय भाषाओं में कानूनी परामर्श प्रदान करने का आह्वान किया।

उन्होंने प्रमुख प्राथमिकताओं का उल्लेख करते हुए समावेशिता, गुणवत्ता, जवाबदेही और उद्देश्यपूर्ण नवाचार पर जोर दिया। उन्होंने कानूनी सेवाओं को अंतिम छोर विशेष रूप से महिलाओं, ग्रामीण और हाशिए पर रहने वाले समुदायों तक पहुंच सुनिश्चित करने के लिए केंद्रित प्रयासों का आह्वान किया।

उपराष्ट्रपति ने न्याय तक पहुंच बढ़ाने में जमीनी स्तर पर योगदान देने वाले अर्ध-कानूनी स्वयंसेवकों, सामान्य सेवा केंद्रों, पैनल वकीलों और अन्य हितधारकों की सराहना की। उन्होंने अधिक उत्तरदायी, समावेशी और न्यायसंगत कानूनी तंत्र के निर्माण के लिए प्रौद्योगिकी का लाभ उठाने हेतु विधि और न्याय मंत्रालय और सहयोगी संगठनों की भी सराहना की। इस अवसर पर उपराष्ट्रपति ने कानूनी जागरूकता, पहुंच और सेवा वितरण को बढ़ाने के उद्देश्य से कई ज्ञान-आधारित उत्पादों और प्रौद्योगिकी-संचालित नवाचारों का अनावरण किया।

# वजीरगंज के ग्राम सिंगथरा में आदर्श विद्यालय की जिम का भव्य शुभारंभ, एमएलसी डॉ0 जय पाल सिंह व्यस्त और बिसौली विधायक आशुतोष मौर्य ने काटा फीता





बदायूं /वजीरगंज क्षेत्र के ग्राम सिंगथरा स्थित श्री अवनीश कुमार सिंह मेमोरियल आदर्श विद्यालय में नवीन जिम का भव्य शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में विधायक विधान परिषद सदस्य (टछड) डॉ. जयपाल सिंह 'व्यस्त' और बिसौली विधायक आशुतोष मौर्य "राजू भैया" ने संयुक्त रूप से फीता काटकर जिम का उद्घाटन किया।

इस अवसर पर विद्यालय एवं जिम संचालक व मंडल उपाध्यक्ष आशीष कुमार सिंह ने मुख्य अतिथियों का जोरदार स्वागत किया। उन्होंने एमएलसी डॉ. जयपाल सिंह व्यस्त, विधायक आशुतोष मौर्य, ब्रज प्रांत सदस्य हरिओम पाराशरी, जिला मंत्री नीटू पाल, मंडल अध्यक्ष (ग्रामीण) सुनील सिंह एडवोकेट और मंडल अध्यक्ष (उघैती) ठाकुर ललितेश्वर सिंह सहित सभी वरिष्ठ भाजपा कार्यकताओं को पटका पहनाकर और 'राम दरबार' भेंट कर सम्मानित किया।

कार्यक्रम में क्षेत्र के प्रमुख जनप्रतिनिधि और भाजपा पदाधिकारी भी मौजूद रहे, जिनमें ब्लॉक प्रमुख शिवम सिंह, शैलेश शर्मा, सुमित सिंह, मुकेश मिश्रा, पुष्पेंद्र मौर्य, राहुल सिंह, टिंकू सिंह, घनश्याम माहेश्वरी, गजेंद्र सिंह, राघव (मंडल अध्यक्ष वजीरगंज), बाबूजी श्याम पाल सिंह, चंदेश सक्सेना और पुनीत शाक्य मुख्य थे।

जिम के शुभारंभ से स्थानीय युवाओं में उत्साह है। वक्ताओं ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र में इस तरह की आधुनिक सुविधाओं से युवाओं को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक होने और खेल प्रतिभाओं को निखारने में मदद मिलेगी।

# मिशन शक्ति 5.0 के तहत विथरा में कन्या जन्मोत्सव की धूम

(जीएनएस)।

पीलीभीत। जनपद पीलीभीत में मिशन शक्ति 5.0 फेज-2 के अंतर्गत बाल विकास सेवा, पुलिस विभाग एवं महिला कल्याण विभाग के समन्वय से ग्राम विथरा के आंगनबाड़ी केंद्र पर कन्या जन्मोत्सव कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य कन्या जन्म को उत्सव की तरह मनाना और समाज में बेटियों के प्रति सकारात्मक सोच विकसित करना रहा।



कार्यक्रम में नवजात कन्याओं के परिवारों को सम्मानित किया गया। आंगनबाड़ी कार्यकताओं ने उत्साहपूर्वक कन्याओं का स्वागत किया तथा उनके माता-पिता को शुभकामनाएं दीं। पुलिस विभाग के प्रतिनिधियों ने बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ अभियान के तहत जागरूकता संदेश दिए, जबकि महिला कल्याण विभाग ने कन्याओं के लिए उपहार एवं पोषण किट वितरित किए।

ग्रामीणों ने इस पहल की सराहना की तथा कहा कि ऐसे कार्यक्रम बेटियों के सम्मान को बढ़ावा देंगे। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में महिलाएं एवं ग्रामीण उपस्थित रहे। जिला प्रशासन ने सभी विभागों को ऐसे आयोजनों को निरंतर जारी रखने के निर्देश दिए हैं।

# गैंगस्टर एक्ट के इनामी बदमाशों को बरखेड़ा पुलिस ने दो तमंचों सहित दबोचा

(जीएनएस)।

पीलीभीत। पुलिस अधीक्षक व अपर पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर अपराधियों की गिरफ्तारी के अभियान में थाना बरखेड़ा पुलिस को बड़ी सफलता मिली। गैंगस्टर एक्ट में 25-25 हजार रुपये के इनामी दो अपराधियों को देवहा नदी के पुल के पास चेकिंग के दौरान दो 12 बोर तमंचे व चार जिंदा कारतूस सहित गिरफ्तार किया गया।पकड़े गये अभियुक्तों में रजनीश पुत्र धर्मपाल निवासी ग्राम बढेपुरा थाना बीसलपुर व योगेन्द्र पुत्र तोताराम निवासी ग्राम केंचुआ थाना बिलसण्डा शामिल हैं।



दोनों की उम्र क्रमशः 23 व 22 वर्ष बताई जा रही है। इनके खिलाफ मु0अ0सं0 87/2026 धारा 2/3 गैंगस्टर एक्ट का केस दर्ज था। गिरफ्तारी के बाद थाना बरखेड़ा पर मु0अ0सं0 97/2026 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट के तहत नया मुकदमा दर्ज कर अग्रिम कार्यवाही की जा रही है।

गिरफ्तार अभियुक्त रजनीश पुत्र धर्मपाल, ग्राम बढेपुरा, थाना बीसलपुर (इनामी राशि 25,000 रुपये)योगेन्द्र पुत्र तोताराम, ग्राम केंचुआ, थाना बिलसण्डा (इनामी राशि 25,000 रुपये) गिरफ्तारी टीम वरिष्ठ उपनिरीक्षक महेन्द्र सिंह

उपनिरीक्षक नवीन कुमार
हेड कांस्टेबल मो. अली
कांस्टेबल अंकित कुमार
कांस्टेबल रजत राणा

# पीलीभीत जिला पंचायत टेंडर घोटाले में अपर मुख्य अधिकारी पर शिकंजा: शासन ने जांच व अनुशासनिक कार्रवाई के आदेश दिए

(जीएनएस)।

पीलीभीत। उत्तर प्रदेश शासन के पंचायती राज विभाग ने पीलीभीत जिला पंचायत में टेंडर प्रक्रिया की गंभीर अनियमितताओं पर सख्ती बरतते हुए अपर मुख्य अधिकारी (अटअ) धर्मेंद्र कुमार के खिलाफ अनुशासनिक कार्रवाई शुरू करने और उच्च स्तरीय जांच के आदेश जारी किए हैं। विशेष सचिव जय प्रकाश पाण्डेय ने जिलाधिकारी की जांच रिपोर्ट के आधार पर यह कदम उठाया है, जिसमें कई आरोप प्रथम दृष्टया सही पाए गए।




जिलाधिकारी की रिपोर्ट में खुलासा हुआ कि 25 नवंबर 2025 को अभियंता के अवकाश के बावजूद उनके 'डोंगल' का अनाधिकृत उपयोग कर वित्तीय बिड खोली गई। साथ ही, 95 निर्माण कार्यों की ई-निविदा की तकनीकी बिड बिना उचित जांच के स्वीकृत कर दी गई। ऑनलाइन प्रक्रिया में समिति के सभी अनिवार्य सदस्यों के हस्ताक्षर के बजाय केवल अटअ के हस्ताक्षरों से काम चला लिया गया। श्रमिक पंजीकरण की अनिवार्य शर्त का भी उल्लंघन किया गया।

मामले की गंभीरता को देखते हुए राज्यपाल की स्वीकृति से बरेली मंडल आयुक्त को जांच अधिकारी नियुक्त किया गया है। 'उत्तर प्रदेश जिला पंचायत सेवा नियमावली-1970' के तहत कार्रवाई का निर्णय लिया गया। जिला पंचायत में हड़कंप मच गया है, खासकर उन 95 निर्माण कार्यों पर सवाल उठे हैं जिनकी निविदा त्रुटिपूर्ण पाई गई।

शासन ने चेतावनी दी है कि सरकारी धन के दुरुपयोग और प्रक्रियाओं में हेराफेरी करने वालों को बख्शा नहीं जाएगा। बरेली कमिश्नर की रिपोर्ट आने के बाद बड़ी कार्रवाई की प्रबल संभावना है, जो अन्य अधिकारियों के लिए कड़ा संदेश है।

# केद्रीय मंत्री जितिन प्रसाद द्वारा रेल मंत्री को लिखे पत्र के बाद जारी हुआ आदेश, पीलीभीत समेत यात्रियों को बड़ी राहत

(जीएनएस)।

पीलीभीत। क्षेत्र के यात्रियों के लिए राहत भरी खबर है। टनकपुरझ्र अछनेरा एक्सप्रेस (05061/05062) को नियमित करने का आदेश जारी कर दिया गया है। इस संबंध में कुछ दिन पूर्व केंद्रीय राज्य मंत्री सांसद पीलीभीत जितिन प्रसाद द्वारा केंद्रीय रेल मंत्री को पत्र लिखकर ट्रेन को नियमित करने और राजस्थान के कोटा तक विस्तार देने की मांग की गई थी।

किसान नेता एवं प्रांतीय संरक्षक क्रांतिकारी विचार मंच उत्तर प्रदेश देव स्वरुप पटेल ने कहा कि जितिन प्रसाद जी जब से पीलीभीत से सांसद बने हैं तब से पीलीभीत क्षेत्र का सर्वांगीण विकास हो रहा है




जारी आदेश के बाद अब यह ट्रेन नियमित रूप से संचालित होगी, जिससे लोकसभा क्षेत्र पीलीभीत के यात्रियों को बड़ा लाभ मिलेगा। खासकर छात्रों, व्यापारियों और आम नागरिकों को आवागमन में सुविधा मिलेगी। ट्रेन के नियमित संचालन से यात्रा सुगम होने के साथ-साथ किराए में भी कमी आने की उम्मीद जताई जा रही है।

केंद्रीय राज्य मंत्री जितिन प्रसाद ने कहा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में क्षेत्र को देश के प्रमुख शहरों से जोड़ने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। स्थानीय लोगों ने इस फैसले का स्वागत करते हुए रेल मंत्री और केंद्रीय राज्य मंत्री जितिन प्रसाद का आभार व्यक्त किया है।

# अमृत सरोवर बना भ्रष्टाचार का सरोवर! नवदिया मरौरी में बिना काम निकाली गई लाखों की रकम, ग्रामीणों का फूटा गुस्सा

(जीएनएस)।

बिलसंडा (पीलीभीत)।ब्लॉक क्षेत्र की ग्राम पंचायत नवदिया मरौरी में विकास कार्यों के नाम पर बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार का मामला सामने आया है। ग्रामीणों ने आरोप लगाया है कि प्रधान ममता देवी के पति और ससुर ने अमृत सरोवर सहित अन्य विकास कार्यों में बिना कार्य कराए ही ग्राम निधि खाते से भारी धनराशि निकाल ली।ग्रामीणों का कहना है कि कागजों में विकास कार्य पूरे दिखाए जा रहे हैं, लेकिन हकीकत में धरातल पर कोई काम नजर नहीं आता। अमृत सरोवर योजना, जो गांव के जल संरक्षण और सौंदर्यीकरण के लिए बनाई गई थी, वह भी भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ गई।ग्रामीणों ने बताया कि इस मामले की शिकायत कई बार





अधिकारियों से की जा चुकी है, लेकिन हर बार मामले को दबाने का प्रयास किया गया। इससे नाराज ग्रामीणों में भारी आक्रोश है।अब परेशान होकर ग्रामीणों ने भारतीय किसान यूनियन (भाकियू) के नेताओं का सहारा लिया है। भाकियू नेताओं के माध्यम से मामले को उजागर कर दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग उठाई गई है।ग्रामीणों का आरोप है कि पिता-पुत्र की मिलीभगत से ग्राम निधि खाते से अवैध रूप से बड़ी रकम निकाली गई है। यदि मामले की निष्पक्ष जांच कराई जाए तो करोड़ों के घोटाले का खुलासा हो सकता है।ग्रामीणों की मांग:पूरे मामले की उच्चस्तरीय जांच कराई जाए दोषियों पर एफआईआर दर्ज हो ग्राम निधि की निकासी का ऑडिट कराया जाए दोषियों से धनराशि की वसूली हो अब बड़ा सवाल:क्या प्रशासन इस बार भी मामले को दबा देगा या फिर भ्रष्टाचारियों पर होगी कड़ी कार्रवाई? यह मामला न केवल सरकारी योजनाओं की पारदर्शिता पर सवाल खड़ा करता है, बल्कि ग्रामीण विकास की सच्चाई भी उजागर करता है। अब देखने वाली बात होगी कि प्रशासन इस पर क्या कदम उठाता है।

# तीन दिवसीय टारगेट शूटिंग प्रतियोगिता का भव्य शुभारंभ

(जीएनएस)।

पीलीभीत, 29 मार्च 2026: जिले की पुलिस फायरिंग रेंज में आज जिला राइफल क्लब के तत्वावधान में तीन दिवसीय टारगेट शूटिंग प्रतियोगिता का शुभारंभ जिलाधिकारी महोदय पीलीभीत एवं पुलिस अधीक्षक पीलीभीत द्वारा किया गया। इस अवसर पर दोनों अधिकारियों ने प्रतिभागियों को शुभकामनाएं दीं और खेल के माध्यम से युवाओं में अनुशासन, साहस तथा निशानेबाजी कौशल विकसित करने पर जोर दिया।

प्रतियोगिता में जिले भर से बड़ी संख्या में निशानेबाज हिस्सा ले रहे हैं, जिसमें विभिन्न आयु वर्गों के पुरुष एवं महिला प्रतिभागी शामिल हैं। आयोजन का मुख्य उद्देश्य स्थानीय स्तर पर निशानेबाजी प्रतिभाओं को




प्रोत्साहित करना तथा राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं के लिए चयनित करना है। पहले दिन की प्रतियोगिता में 10 मीटर एयर राइफल एवं पिस्टल इवेंट्स आयोजित हुए, जिसमें कई प्रतिभागियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया।

जिलाधिकारी ने कहा कि ऐसी प्रतियोगिताएं न केवल खेलकूद को बढ़ावा देती हैं, बल्कि युवाओं को सकारात्मक दिशा प्रदान करती हैं। पुलिस अधीक्षक ने भी सुरक्षा एवं अनुशासन के महत्व पर बल देते हुए सभी को नियमों का पालन करने का निर्देश दिया। प्रतियोगिता के शेष दो दिनों में विभिन्न श्रेणियों के फाइनल मुकाबले होंगे, तथा विजेताओं को पुरस्कार वितरित किए जाएंगे। आयोजन में जिला राइफल क्लब के पदाधिकारी एवं कोचों की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# गोमती दर्शन यात्रा को लेकर व्यापक तैयारी, संस्कृति और आस्था का संगम

(जीएनएस)।

पीलीभीत- भारतीय संस्कृति, पर्यावरण संरक्षण और धार्मिक आस्था के अद्भुत संगम के रूप में आयोजित होने जा रही ह्लगोमती दर्शन यात्रा' को लेकर क्षेत्र में उत्साह का माहौल है। इस पावन यात्रा की विस्तृत जानकारी देते हुए अध्यक्ष गोमती दर्शन श्वेता सिंह ने हमारे सहयोगी संवाददाता से विशेष बातचीत में बताया कि यह यात्रा न केवल धार्मिक आस्था का प्रतीक है, बल्कि माँ गोमती के संरक्षण और स्वच्छता के प्रति जनजागरण का एक बड़ा अभियान भी है।

उन्होंने बताया कि यात्रा का शुभारंभ 27झ्र28 मार्च को पीलीभीत में आगमन और रात्रि विश्राम के साथ होगा। 28 मार्च को विशेष रूप से माँ गोमती स्वच्छता अभियान, विधि-विधान से पूजन एवं हवन और सायंकाल भव्य आरती का आयोजन किया जाएगा। 29 मार्च से यात्रा पदयात्रा के रूप में प्रारंभ होगी, जो सीतापुर के पवित्र नैमिषारण्य धाम पहुंचेगी, जहां 3 अप्रैल को पूजन, श्रद्धालुओं और क्षेत्रवासियों से अपील करते हुए कहा कि माँ गोमती के




विभिन्न महत्वपूर्ण धार्मिक स्थलों से होकर गुजरेगी।

यात्रा का पहला पड़ाव शाहजहाँपुर होगा, जहां 29 और 30 मार्च को रात्रि विश्राम एवं पूजन कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इसके पश्चात 31 मार्च को यात्रा लखीमपुर खीरी स्थित प्रसिद्ध टेढ़ेनाथ मंदिर के लिए प्रस्थान करेगी, जहां 1 अप्रैल को पूजन कार्यक्रम संपन्न होगा। इसके बाद 2 अप्रैल को यात्रा स्वच्छता अभियान और सायंकालीन आरती का आयोजन किया जाएगा।

आगे 4 अप्रैल को यात्रा चंद्रिका देवी मंदिर की ओर प्रस्थान करेगी, जहां 5 अप्रैल की प्रातःकालीन बेला में पूजन, हवन और स्वच्छता अभियान आयोजित होगा। उसी दिन सायंकाल लखनऊ के कुड़ियाघाट पर इस भव्य यात्रा का समापन किया जाएगा।

अध्यक्ष श्वेता सिंह ने सभी संरक्षण, स्वच्छता और सांस्कृतिक जागरूकता के इस महाअभियान में अधिक से अधिक संख्या में सहभागिता करें, ताकि हमारी आने वाली पीढ़ियों को स्वच्छ और पवित्र नदी का आशीर्वाद मिल सके।

यह यात्रा भारतीय संस्कृति, आस्था और सामाजिक जिम्मेदारी का एक जीवंत उदाहरण बनकर उभर रही है, जिसमें जनभागीदारी ही इसकी सबसे बड़ी शक्ति है।

# बाबा नीम करौली जी की प्रेरणा से इण्डियन हेल्पलाइन ने जरूरतमंदों तक पहुँचाया सम्मानपूर्ण भोजन



**जरूरतमंदों की सेवा में जुटी संस्था, समाज को दिया सहयोग का संदेश: सी. एच. तिवारी**

**संस्था की पहल: विशेष अवसरों को सेवा कार्यों से जोड़ने की अपील - बलवंत सिंह**

लखनऊ। प्रेरणाश्रोत बाबा नीम करौली जी की कृपा से इण्डियन हेल्पलाइन सोसाइटी द्वारा संचालित बृज की रसोई सेवा प्रकल्प के अंतर्गत दिनांक 29 मार्च 2026, रविवार को आशियाना, लखनऊ के आशियाना क्षेत्र में आयोजित निःशुल्क भोजन वितरण सेवा कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

संजय श्रीवास्तव ने कहा कार्यक्रम का उद्देश्य समाज के अकिंचन, असहाय, निराश्रित, श्रमजीवी एवं जरूरतमंद वर्ग को सम्मानपूर्वक पौष्टिक भोजन उपलब्ध कराना है। इस अवसर पर बड़ी संख्या में जरूरतमंदों ने पौष्टिक निःशुल्क भोजन ग्रहण किया तथा स्वयंसेवकों द्वारा सेवा भाव से भोजन वितरण किया गया।

विकास पाण्डेय ने बताया कि यह सेवा केवल भोजन वितरण तक सीमित नहीं है, बल्कि मानवता, सहयोग और संवेदना का जीवंत उदाहरण है। कार्यक्रम में समाज के विभिन्न वर्गों के लोगों ने बढ़-चढ़कर सहभागिता निभा कर सहयोग प्रदान किया।

संस्था के संस्थापक विपिन शर्मा ने सभी सहयोगकताओं के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि सेवा ही सच्ची साधना है, और इसी पावन भावना के साथ संस्था निरंतर जरूरतमंदों के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन लाने हेतु कार्यरत है। उन्होंने अपील करते हुए कहा कि जीवन के खास पल जन्मदिन, वैवाहिक वर्षगांठ, पुण्यतिथि अथवा किसी भी खुशी के अवसर को और अधिक सार्थक बनाइए।

हमारे इस पुण्य सेवा कार्य से जुड़कर उन चेहरों पर खुशियाँ बाँटिए, जिनके जीवन में मुस्कुराने के अवसर सीमित होते हैं। आपका छोटा सा सहयोग किसी बच्चे की मुस्कान, किसी माँ की तसल्ली और किसी बुजुर्ग की दुआ बन सकता है। आइए, आगे बढ़कर हाथ थामिए क्योंकि किसी के हिस्से की रोटी बनना ही सबसे बड़ी इंसानियत है।

राजीव पाण्डेय ने कहा कार्यक्रम के दौरान अनुशासन, स्वच्छता एवं सुव्यवस्थित प्रबंधन विशेष आकर्षण का केंद्र रहा। उपस्थित लोगों ने संस्था के इस प्रयास की सराहना करते हुए इसे समाज के लिए प्रेरणादायक पहल बताया।

कार्यक्रम में सी. एच. तिवारी, राजीव पाण्डेय, बलवंत सिंह, संजय श्रीवास्तव, अनुराग दुबे, अर्पित रावत, विकास पाण्डेय, अखिलेश सिंह, रामआसरे कनौजिया, गोविन्द सिंह सहित अनेक सहभागियों की सक्रिय सहभागिता रही।

अनुराग दुबे ने अवगत कराया अंत में संस्था ने अपील की कि अधिक से अधिक लोग इस प्रकार के परोपकारी कार्यों से जुड़कर समाज के वंचित वर्ग की सेवा में सहभागी बनें, जिससे हर भूखे चेहरे पर मुस्कान लाई जा सके।

RNI No.: UPHIN/25/A1698 Published & Owned by RAGINI JIGNESHKUMAR VAGHELA and Printed By SUSHILA SHUKLA at Krishna Printiers, 271/31 Chakmaki Dugawa, Rajendranagar, Lucknow-226018, Uttar Pradesh.
and Published from 538 GHA/85 Pataurganj, Near Janki Prasad Dharmshala, Sitapur Road, Niralanagar, Lucknow-226020, Uttar Pradesh. Editor : VINOD KUMARI
Regd.Office : B/13, Sneh Plaza Shopping Center, I.O.C. Road, Chandkheda, Ahmedabad - 382 424 Gujarat,India. Phone : (o) 7698333307 (M) 8485951747,7096333307
Email:navsarjansanskruti2016@gmail.com*navsarjansanskruti2016@yahoo.com*Website : www.navsarjansanskruti.com

# सम्पादकीय

## अमेरिका के लिए मुश्किल, करनी पड़ सकती है ईरान में मैदानी छापेमारी

नाटो देशों से निराश अमेरिका ने खुद ही ईंरान पर जमीनी हमले के लिए संकल्प लेते हुए जहां 2500 मरीन सैनिकों को पमि एशिया में रविवार को भेज दिया वहीं 1000 पैराट्रुप्स को भी इसी क्षेत्र में भेजने का आदेश दे दिया है। अमेरिका के वाल स्ट्रीट जर्नल के मुताबिक पेंटागन 10 हजार अतिरिक्त सैनिकों की तैनाती पर विचार कर रहा है। इसके बावजूद अमेरिका में ईंरान के साथ युद्ध के खिलाफ हो रहे प्रादर्शनों को देखते हुए उपराष्ट्रपति जेडी वेंस कहते हैं कि अमेरिका ईंरान में किसी अंतहीन युद्ध में नहीं पंसना चाहता।

दरअसल अमेरिका अब पहले की तरह नाटो की सेना एवं सैन्य सहयोग का इस्तेमाल करने में असमर्थ है। कोईं भी देश उसके साथ खड़ा होने को तैयार नहीं है। ईंरान खाड़ी के देशों पर लगातार हमले करके उनके अंदर असुरक्षा की भावना ला दी है। ईंरान ने पहले भी खाड़ी देशों को चेतावनी देता रहा है कि उनकी सुरक्षा अमेरिका नहीं कर पाएगा। इस बात को खाड़ी के देश खासकर सऊदी अरबी, यूएईं और कतर अमेरिका से कहते भी रहे कि यदि ईंरान उनके ऊपर हमला करेगा तो उन्हें कौन बचाएगा! इस वक्त ईंरान के इस्लामिक रिवाल्यूशनरी गार्ड की नहीं सुन रहे हैं, वे खाड़ी देशों पर हमले कर रहे हैं। इसलिए ये खाड़ी के देश चाहें या न चाहें इन्हें अमेरिका और इजरायल का समर्थन करते हुए दिखना पड़ रहा है। अब अमेरिका के लिए मुश्किल यह हो गया है कि वह खाड़ी देशों के लिए खुद मैदानी छापेमारी की कार्रवाईं करे। एक महीने की युद्ध ने एक बात तो साबित कर दी है कि ईंरान के पास बैलिस्टिक मिसाइलें ही हैं न कि परमाणु बम। यदि ईंरान के पास परमाणु बम होता तो वह अब तक कब का मार चुका होता। मजे की बात तो यह है कि इस युद्ध में पाकिस्तान की हालत सांप छछूंदर की हो चुकी है। सऊदी अरब के साथ पारस्परिक सुरक्षा संबंधी समझौता तो कर लिया पाकिस्तान ने किन्तु अब उसे इस बात का एहसास हो रहा होगा कि समझौते करने और समझौते के संकल्प को पूरा करने में क्या मुश्किलें आती हैं। सऊदी अरब ने तो सोचा होगा कि पूरे 57 इस्लामिक मुल्कों में अकेला पाकिस्तान ही है जिसके पास परमाणु बम हैं और यदि उससे समझौता कर लिया जाए तो वह उसके संकट के समय साथ देगा। दूसरी तरफ पाकिस्तान ने सऊदी अरब से इसलिए यह समझौता किया था ताकि उससे धन ऐंठ सके। पाकिस्तान ने ईंरान पर हमले का साहस नहीं किया मात्र रविवार को तुका, सऊदी अरब और मिरत्र के विदेश मंत्रियों को इस्लामाबाद बुलाकर पाक विदेश मंत्री ने खाड़ी में खासकर सऊदी अरब पर हमले पर चर्चा की। आज युद्ध जिस स्तर पर पहुंच चुका है, इस्लामाबाद में विदेश मंत्रियों की बैठक का कोईं महत्व नहीं है। कहीं न कहीं ईंरान को पाकिस्तान यह संकेत भी दे रहा है कि उसकी मजबूरी है कि वह सऊदी अरब के प्राति संवेदना व्यक्त करता हुआ दिखे। यही कारण है कि ईंरान ने भी होर्मुज स्ट्रेट से पाकिस्तान के जहाजों को गुजरने की इजाजत दे दी। सच तो यही है कि यह युद्ध अमेरिका और इजरायल का है इसलिए न तो इधर से कोईं देश सहयोग कर रहा है और न तो उधर से। ईंरान की समझ में यह बात आ गईं है कि अमेरिका और इजरायल उसके खिलाफ किसी भी हद तक जा सकते हैं, इसलिए उन्होंने खाड़ी देशों में स्थित अमेरिकी सैन्य प्रातिष्ठानों पर निशाना लगाना जारी रखा हुआ है। मौके का फायदा उठाने, जलते यूव्रेन को छोड़कर जेलेंस्की सऊदी अरब इस उम्मीद में पहुंच गए कि हो सकता है संकटग्रास्त शेख वुछ धन उन्हें दे दें। जेलेंस्की खाड़ी के देशों को यह बताने गए हैं कि ईंरानी ड्रोनों को मार गिराने का उन्हें अनुभव है। ईंरान जो ड्रोन रूस को देता है उसे यूव्रेन की सेना मारकर गिरा देती है। बेचारे खाड़ी के शासकों को अब जेलेंस्की की मदद लेने पर मजबूर होना पड़ रहा है। बहरहाल, इस युद्ध का भयंकर स्वरूप अभी तब सामने आएगा जब अमेरिका होर्मुज स्ट्रेट को ईंरानी सेना से मुक्त कराने का प्रायास करेगा। यही नहीं एक बार तो इजरायल के कहने पर फंसा अमेरिका और अब खाड़ी देशों के दबाव में यदि आव्रमक हुआ तो उपराष्ट्रपति बेंस के मुताबिक युद्ध का स्वरूप नहीं रह जाएगा।

# फंड्सइंडिया का एयूएम बढ़कर 25,000 करोड़ रुपये के आंकड़े तक पहुँचा

**डिजिटल वेल्थ लीडर के रूप में अपनी स्थिति को और भी मजबूत किया**

29 मार्च, 2026: फंड्सइंडिया की कुल प्रबंधनाधीन संपत्ति (अवट) 25,000 करोड़ रुपये के पार पहुँच गई है। कंपनी ने सिर्फ एक तिमाही से कुछ ज्यादा वक्त में 20,000 करोड़ से 25,000 करोड़ रुपये तक का सफर तय कर 25% की बढ़ोतरी दर्ज की है। इस उपलब्धि के अलावा, यह बढ़त दिखाती है कि भारत के वेल्थ मैनेजमेंट इकोसिस्टम में हो रहे बड़े बदलावों के बीच कंपनी अब एक महत्वपूर्ण दौर में पहुँच चुकी है।

फंड्सइंडिया का मौजूदा अवट 25,000 करोड़ रुपये है, जो पिछले साल की तुलना में 58% की बढ़ोतरी और तीन साल की अवधि में 38% उअञ्रफ़ को दशार्ता है। पिछले 12 महीनों बात की जाए, तो इस प्लेटफॉर्म पर 2,100 करोड़ रुपये का शुद्ध निवेश दर्ज किया गया, जबकि पिछले 24 महीनों में कुल निवेश 2,900 करोड़ रुपये रहा है। कुल एसेट्स में खुदरा निवेशकों की हिस्सेदारी 77% है, जबकि ल्ठक और वल्ठक निवेशकों का योगदान 23% है, जो दिखाता है कि कंपनी की परिसंपत्ति का आधार काफी संतुलित और मजबूत है।

अवट में यह बढ़ोतरी असल में खुदरा निवेशकों की लगातार भागीदारी, और कंपनी के क्ऋ्क्ष पार्टनर इकोसिस्टम के भीतर मजबूत जुड़ाव के साथ-साथ अमीर तथा निजी संपत्ति वाले ग्राहकों के बीच बढ़ती लोकप्रियता की वजह से संभव हुई है। गौरतलब है कि, यह बढ़त सिर्फ बाजार में आए कुछ समय के उछाल की वजह से नहीं है; बल्कि यह लगातार आने वाले निवेश, व्यवस्थित तरीके से आवंटन और अलग-अलग तरह के निवेशकों की भागीदारी पर आधारित है।

यह बढ़ोतरी दिखाती है कि अब भारतीय निवेशक डिजिटल माध्यमों और सलाहकारों की मदद से निवेश करने को ज्यादा महत्व दे रहे हैं, क्योंकि अलग-अलग वर्गों के भारतीय निवेशक लंबे समय में अपनी जमा-पूंजी को बड़ा बनाने के लिए अनुशासित और लक्ष्य आधारित तरीके अपना रहे हैं। फंड्सइंडिया का केवल एक डिजिटल प्लेटफॉर्म से निकलकर पूरी वेल्थ मैनेजमेंट सेवाएं देने वाला प्लेटफॉर्म बनना इसी बदलाव का हिस्सा है, जो भरोसे, पारदर्शिता और तकनीक के बेहतरीन उपयोग के जरिए संभव हो पाया है।

आज यह प्लेटफॉर्म पूरे भारत में लगभग 30 लाख उपयोगकताओं को अपनी सेवाएँ दे रहा है, और खास बात यह है कि इसका दायरा सिर्फ पारंपरिक तौर पर पैसे के बड़े शहरी केंद्रों तक ही सीमित नहीं है। लगभग 39% निवेशक टी 30 शहरों से आते हैं, जबकि 61% निवेशक बी 30 बाजारों से हैं, जो उभरते हुए भौगोलिक क्षेत्रों में व्यवस्थित तरीके से निवेश की गहरी पहुँच को दशार्ता है। इस बढ़त में व्यवस्थित तरीके से निवेश की बड़ी भूमिका है, जिसमें फंड्सइंडिया की रक्क्ष बुक 142 करोड़ रुपये की है और हर महीने इसमें 2 करोड़ रुपये की बढ़ोतरी हो रही है, जिससे पता चलता है कि निवेशक लंबे समय के लिए अपनी जमा-पूंजी को बड़ा बनाने के प्रति गंभीर हैं।

प्रोडक्ट के नजरिए से देखा जाए, तो इसमें म्यूच्यूअल फंड की हिस्सेदारी सबसे ज्यादा है, साथ ही इसमें पी एम एस और ए आई एफ जैसे प्रस्ताव, फिक्स्ड-इनकम और बॉन्ड प्रोडक्ट, तथा स्टॉक्स जैसे विकल्प भी अहम भूमिका निभा रहे हैं। निवेश के ये अलग-अलग विकल्प दिखाते हैं कि कैसे यह प्लेटफॉर्म अब एक ऐसे बड़े धन प्रबंधन संस्थान के रूप में विकसित हुआ है, जो खुदरा निवेशकों से लेकर अमीर और प्राइवेट वेल्थ वाले ग्राहकों तक, सभी को अपनी सेवाएँ प्रदान करता है।

मौजूदा उपलब्धि के बारे में अपनी राय जाहिर करते हुए, फंड्सइंडिया के ग्रुप उएड, श्री अक्षय सप्रू ने कहाः

ह्वअवट में 25,000 करोड़ रुपये का आंकड़ा पार करना हमारे सफर की एक और बड़ी उपलब्धि है, जिससे जाहिर है कि निवेशकों और भागीदारों को हम पर कितना गहरा भरोसा है। यह प्रगति भारत में व्यवस्थित तरीके से, अनुशासन के साथ और लक्ष्यों को ध्यान में रखकर लंबे समय के लिए जमा-पूंजी को बड़ा बनाने के हमारे संकल्प को और मजबूत करती है।

फंड्सइंडिया में, हमारी असली ताकत हमारे खास वर्टिकल्स में है। रिषभ गर्ग की अगुवाई में हमारा डिजिटल बिजनेस, निवेश के बेहतरीन तरीकों को बड़े स्तर पर आम लोगों तक पहुँचाने का काम लगातार कर रहा है। हमारा प्राइवेट वेल्थ वर्टिकल भी श्रीनिवास मेंडू की अगुवाई में उभरते और पहले से ही अमीर निवेशकों के लिए बेहतरीन और उनकी जरूरतों के हिसाब से सेवाएं दे रहा है। और मनीष गढ़वी की अगुवाई में हमारा पार्टनर बिजनेस, हजारों फाइनेंशियल एडवाइजर्स को गहराई से रिसर्च करने के अलावा, तकनीकी सहयोग और काम को बेहतर ढंग से करने की ताकत देकर मजबूत बना रहा है।

ये तीनों वर्टिकल्स साथ मिलकर ऐसा मजबूत और जुड़ा हुआ इकोसिस्टम बनाते हैं, जो हर तरह के निवेशकों और भागीदारों को फायदा पहुँचाता है। हमने हमेशा से ही ऐसी स्थायी क्षमताएं, मजबूत गवर्नेंस, गहन रिसर्च और विस्तार करने योग्य तकनीक विकसित करने को प्राथमिकता दी है जो लगातार और लंबे समय में बेहतर परिणाम दे सकें, और इसी के साथ हम पूरे भारत में वित्तीय समृद्धि बढ़ाने के अपने मिशन को भी आगे बढ़ा रहे हैं।'

वेस्टब्रिज कैपिटल के सहयोग से, फंड्सइंडिया अपनी टेक्नोलॉजी स्टैक, डेटा इंफ्रास्ट्रक्चर और प्लेटफॉर्म की मुख्य क्षमताओं को बेहतर बनाने के लिए बड़े पैमाने पर निवेश कर रहा है। वित्त वर्ष 25झ26 के दौरान, कंपनी ने अपने एडवाइजरी फ्रेमवर्क को और बेहतर बनाया है, पोर्टफोलियो इंटेलिजेंस को बढ़ाया है, साथ ही डिजिटल तथा पार्टनर-आधारित चैनलों पर कुल मिलाकर ग्राहकों के अनुभव को बेहतर किया है। ए आई और एनालिटिक्स आधारित क्षमताओं में किए जा रहे निवेश से ग्राहकों को उनकी जरूरत के हिसाब से बेहतर सेवाएं मिलेंगी और सलाह देने की प्रक्रिया भी बड़े स्तर पर संभव हो पाएगी।

फिलहाल फंड्सइंडिया में 1150 पेशेवर कर्मचारी काम कर रहे हैं, जिनके सहयोग से कंपनी ने एडवाइजरी, टेक्नोलॉजी, निजी संपत्ति तथा जोखिम प्रबंधन के क्षेत्रों में अपनी क्षमताओं को मजबूत करना जारी रखा है, ताकि वह भारत के बदलते वेल्थ सेक्टर में जिम्मेदारी से विकास और लंबे समय तक बेहतर परिणाम के लिए खुद को तैयार कर सके।

# मेदांता कैंसर समिट 2026 में कैंसर उपचार के हर पहलू पर हुई चर्चा





लखनऊ, 29 मार्च 2026 : मेदांता, लखनऊ द्वारा आयोजित मेदांता कैंसर समिट 2026 का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जनरल सर्जन, ब्रेस्ट सर्जन, रेडिएशन ऑन्कोलॉजी, गाइनकोलॉजिस्ट, जनरल मेडिसिन, ईएनटी, गेस्ट्रो और पिडियाट्रिक्स जैसे विभागों के विशेषज्ञ डॉक्टरों ने भाग लिया तथा कैंसर उपचार के आधुनिक तरीकों और बदलते दृष्टिकोण पर विचार साझा किए।कार्यक्रम का उद्घाटन मेदांता लखनऊ के एमडी डॉ. राकेश कपूर ने किया। अपने संबोधन में उन्होंने कैंसर उपचार में तेजी से हो रहे बदलावों और मरीज के अनुसार उपचार तय करने की बढ़ती आवश्यकता पर जोर दिया।

डॉ. राकेश कपूर ने कहा कि आज कैंसर का इलाज तेजी से बदल रहा है। अब एक ही तरह के इलाज की जगह हर मरीज के लिए अलग और सटीक उपचार तय किया जा रहा है। ऐसे मंच विशेषज्ञों को एक साथ लाकर बेहतर इलाज की दिशा में सहयोग और नई सोच को आगे बढ़ाते हैं। इस अवसर पर कैंसर जागरूकता से जुड़ा एक विशेष वीडियो भी जारी किया गया, जिसमें कैंसर के कारण से लेकर उपचार और बचाव के बारे में बताया गया।

कार्यक्रम की शुरूआत मेडिकल ऑन्कोलॉजी पर चर्चा से हुई, जिसमें व्यक्तिगत कैंसर उपचार यानी प्रिसीजन ऑन्कोलॉजी पर चर्चा हुई। इसके बाद रेडिएशन ऑन्कोलॉजी सत्र में कैंसर के इलाज में रेडिएशन की भूमिका और उसकी उपयोगिता को सरल तरीके से समझाया गया। हेड एंड नेक ऑन्कोलॉजी सत्र में ओरल कैंसर की पहचान से लेकर उपचार तक की पूरी प्रक्रिया पर विस्तार से बात की गई, जिसमें शुरूआती जांच की अहमियत पर जोर दिया गया। ब्रेस्ट कैंसर सत्र में वर्तमान और भविष्य के इलाज, विशेष रूप से व्यक्तिगत उपचार पद्धति पर चर्चा हुई।

हीमेटो-ऑन्कोलॉजी सत्र में एक्यूट ल्यूकेमिया की समय पर पहचान, सही प्रबंधन और कार टी-सेल (उअफ-ळ) थेरेपी पर चर्चा हुई। जीआई कैंसर सत्र में जटिल सर्जरी और रोबोटिक तकनीकों के बढ़ते उपयोग पर विशेषज्ञों ने अपने विचार साझा किए। लंग कैंसर सत्र में नए उपचार विकल्पों और बदलते रुझानों पर चर्चा हुई, जबकि यूरोजेनिटल कैंसर सत्र में रोबोटिक सर्जरी के आधुनिक तरीकों और उनके लाभ पर चर्चा हुई । अंतिम सत्र सर्वाइकल कैंसर पर केंद्रित रहा, जिसमें रेडिएशन थेरेपी की भूमिका को स्पष्ट किया गया।

# कोच्चि स्थित दक्षिणी नौसेना कमान में आईओएनएस समुद्री अभ्यास (आईएमईएक्स) टीटीएक्स 2026 का आयोजन किया गया

(जीएनएस)।

भारतीय नौसेना ने 27 मार्च 2026 को दक्षिणी नौसेना कमान, कोच्चि स्थित समुद्री युद्ध पद्धति केंद्र में आईओएनएस समुद्री अभ्यास (आईएमईएक्‍स) टीटीएक्स 2026 की मेजबानी की। इस उच्च स्तरीय अभ्यास में हिंद महासागर नौसेना संगोष्ठी (आईओएनएस) के सदस्य नौसेनाओं के विशिष्ट प्रतिनिधि, आईओएस सागर के अंतर्राष्ट्रीय अधिकारी और भारतीय नौसेना के अधिकारी हिंद महासागर क्षेत्र में उभरती गैर-पारंपरिक समुद्री सुरक्षा चुनौतियों पर विचार-विमर्श करने के लिए एक साथ आए।

इस अभ्यास में बांग्लादेश, फ्रांस, इंडोनेशिया, केन्या, मालदीव, मॉरीशस, म्यांमार, सेशेल्स, सिंगापुर, श्रीलंका, तंजानिया और तिमोर-लेस्ते के देशों ने भाग लिया। यह विविध बहुराष्ट्रीय प्रतिनिधित्व आपसी विश्वास को बढ़ावा देने और पूरे क्षेत्र में सहयोगात्मक समुद्री सुरक्षा को मजबूत करने की साझा प्रतिबद्धता को दशार्ता है। सोलह वर्षों के अंतराल के




बाद भारत को 2026-2028 के लिए आईओएनएस की अध्यक्षता मिली है। आईएमईएक्‍स टीटीएक्‍स 2026 क्षेत्रीय समुद्री नेतृत्व को मजबूत करने में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है।

अत्याधुनिक कृत्रिम वातावरण में आयोजित इस अभ्यास में हिंद महासागर क्षेत्र (आईओआर) में जटिल समुद्री सुरक्षा चुनौतियों का समाधान किया गया। यह क्षेत्र वैश्विक व्यापार, ऊर्जा प्रवाह और संपर्क के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। इसके प्रमुख उद्देश्यों में भाग लेने वाली नौसेनाओं के बीच परिचालन दृष्टिकोण और बाधाओं की साझा समझ को बढ़ाना, सूचनाएं साझा करना और निर्णय लेने की प्रक्रियाओं जैसे समन्वय तंत्रों की जांच करना और व्यावहारिक अनुप्रयोग के माध्यम से समुद्री सुरक्षा दिशानिर्देशों के सत्यापन सहित आईओएनएस ढांचे के निरंतर परिष्करण का समर्थन करना शामिल था।

वास्तविक तैनाती की बाधाओं के बिना बहु-परिदृश्यीय आकस्मिकताओं का अनुकरण करके, इस अभ्यास ने प्रतिभागियों को पेशेवर आदान-प्रदान के नए रास्ते तलाशने और आपसी विश्वास को गहरा किया है। आईएमईएक्‍स टीटीएक्‍स 26 ने रचनात्मक संवाद, सामूहिक जिम्मेदारी और समुद्री चुनौतियों के क्षेत्रीय समाधानों के माध्यम से सहयोग के लिए एक महत्वपूर्ण मंच के रूप में आईओएनएस की भूमिका को पुनः स्थापित किया।

इस अभ्यास से प्राप्त जानकारियों से आईओएनएस ढांचे को और मजबूत करने की उम्मीद है जिससे हिंद महासागर क्षेत्र में एक सुसंगत, उत्तरदायी और स्थिर समुद्री व्यवस्था सुनिश्चित हो सकेगी।

# पश्चिम एशिया में चल रहे हालातों पर प्रमुख क्षेत्रों को लेकर नवीनतम जानकारी

(जीएनएस)।

पश्चिम एशिया में बदलती स्थिति के बीच, भारत सरकार प्रमुख क्षेत्रों में स्थिरता सुनिश्चित करने के लिए निरंतर निगरानी बनाए हुए है और उचित तैयारी एवं प्रतिक्रियात्मक उपाय कर रही है। प्रयासों का मुख्य उद्देश्य निर्बाध ऊर्जा आपूर्ति बनाए रखना, समुद्री गतिविधियों की सुरक्षा करना और क्षेत्र में भारतीय नागरिकों को जरूरी सहायता प्रदान करना है। निम्नलिखित में 29 मार्च 2026 तक इन क्षेत्रों में उठाए गए कदमों का अद्यतन विवरण दिया गया है।

ऊर्जा आपूर्ति और ईंधन की उपलब्धता

होर्मुज जलडमरूमध्य के लगातार बंद रहने के मद्देनजर, देश भर में पेट्रोलियम उत्पादों और एलपीजी की बिना रूके उपलब्धता बनाए रखने के लिए सक्रिय उपाय किए जा रहे हैं। वर्तमान स्थिति इस प्रकार हैः

कच्चा तेल/रिफाइनरी

सभी रिफाइनरियां पूरी क्षमता से काम कर रही हैं और कच्चे तेल का पर्याप्त भंडार मौजूद है। देश में पेट्रोल और डीजल का भी पर्याप्त स्टॉक बना हुआ है।

घरेलू खपत को पूरा करने के लिए रिफाइनरियों से एलपीजी का घरेलू उत्पादन बढ़ा दिया गया है।

रिटेल आउटलेट

देश भर में सभी खुदरा दुकानें सामान्य रूप से चल रही हैं। भारत सरकार ने पेट्रोल और डीजल पर उत्पाद शुल्क में 10 रुपये प्रति लीटर की कमी की है। इसके अलावा, भारत सरकार ने घरेलू बाजार में इन उत्पादों की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए डीजल पर 21.5 रुपये प्रति लीटर और विमानन टरबाइन ईंधन (एटीएफ) पर 29.5 रुपये प्रति लीटर का निर्यात शुल्क लगाया है।

कुछ क्षेत्रों में अफरा - तफरी मचने से खरीदारी की खबरें सामने आई हैं। कुछ अफवाहों के चलते कुछ राज्यों के कुछ खुदरा दुकानों पर अफरा-तफरी मच गई, जिसके परिणामस्वरूप दुकानों पर असामान्य रूप से अधिक बिक्री और भारी भीड़ देखने को मिली। हालांकि, यह सूचित किया जाता है कि देश के सभी पेट्रोल पंपों पर पेट्रोल और डीजल का पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध है। जनता को अफवाहों पर विश्वास न करने की सलाह दी जाती है।

प्राकृतिक गैस

डी-पीएनजी और सीएनजी-परिवहन को 100 प्रतिशत आपूर्ति सुनिश्चित करते हुए उपभोक्ताओं को प्राथमिकता दी गई है।

ग्रिड से जुड़े औद्योगिक और वाणिज्यिक उपभोक्ताओं को बिजली की आपूर्ति उनकी औसत खपत के 80 प्रतिशत के बराबर है।

भारत सरकार ने सिटी गैस डिस्ट्रीब्यूशन (सीजीडी) संस्थाओं को सलाह दी है कि वे अपने सभी भौगोलिक क्षेत्रों में रेस्तरां, होटल और कैंटीन जैसे वाणिज्यिक प्रतिष्ठानों के लिए पीएनजी कनेक्शन को प्राथमिकता दें, ताकि वाणिज्यिक एलपीजी की उपलब्धता से संबंधित चिंताओं का समाधान किया जा सके। चालू यूरिया संयंत्रों को आपूर्ति अब पिछले 6 महीनों की औसत खपत के लगभग 70-75 प्रतिशत पर स्थिर है। आपूर्ति और पाइपलाइन की सुचारू कार्यप्रणाली को बनाए रखने के लिए अतिरिक्त एलएनजी कार्गो और रीगैसिफाइड एलएनजी (आरएलएनजी) की भी व्यवस्था की जा रही है।

उर्वरक संयंत्रों सहित सभी औद्योगिक उपभोक्ताओं को सलाह दी गई है कि वे अपनी अतिरिक्त आवश्यकता समय पर ही बता दें ताकि गैस विपणन कंपनियां इसकी व्यवस्था कर सकें।

# गर्मियों की छुटियों में अपने साथ जरूर रखें यह पांच प्रोडक्ट्स

**शहनाज हुसैन**

गर्मियाँ शुरू हो गई हैंइस सीजन में ज्यादातर लोग अपने परिवारदोस्तों के संग पहाड़ोंपर्यटक स्थलों पर घूमने का प्लान बनाते हैं ताकि ठण्डी हवाओं का आनन्द ले सकें और शहरों की भाग दौड़ उबाऊ भरी जिन्दगीसे राहत मिल सके

लेकिन गर्मियों के मौसम में खुले आसमान में घूमने से पसीने , टैनिंग , त्वचा में जलन , सनबर्नसे सौन्दर्य चौपट हो जाता है जिससे आपका मूड खराब हो जाता है

लेकिन अगर आप अपने साथ कुछ जरूरी सौन्दर्य प्रसाधन साथ रखेंगे तो आपको अपनी त्वचा बालों के प्रति ज्यादा चिंता करने की जरूरत नहीं होगी

अगर आप अपने साथ कुछ जरूरी ब्यूटी प्रोडक्ट्स रखते हैं तो आप इस मौसम में त्वचा को होने वाले नुकसानों से खुद को बचा सकते हैं। इसलिए मेरा यह सुझाव है की अपने सामान मेंएक छोटा सा ब्यूटी बैग भी ले चलें और निश्चिन्त होकर पहाड़ों का आनन्द लें

1 -फेस वाइप्स--

गर्मियों में सबसे ज्यादापरेशानी पसीने से होती है

गर्मियों के मेंमौसम तेज धुप की बजह सेऑयली त्वचा ज्यादाऑयली हो जाती है जिससे चेहरे पर गन्दगी ,तेल जम जाता है इससे चेहरा डल हो जाता है और मेक अप भी खराब हो जाता है



इस लिए जब भी गर्मियों की छुटियों में आप घूमने जाएँ तो अपने साथ फेस वाइप्स जरूर रखें

चेहरे को साफ करने के लिए फेशियल वाइप्स का प्रयोग बड़ा आसान, सुविधाजनक और अच्छा माना जाता है। फेशियल वाइप्स के द्वारा हाथों.हाथ बिना पानी के चेहरे की त्वचा साफ भी हो जाती है और चेहरे की नर्व्स में ब्लड सकुर्लेशन भी बढ़ता है

गीले फेस वाइप्सको आप अपनी सुविधा के अनुसार उपयोग कर सकती हैंइसगीले फेस वाइप्सका उपयोग आप यात्रा के दौरानजब आपके पास पानी और फेस वॉश उपलब्ध नहीं हो, तोकर सकती हैं एक वाइप निकाल कर चेहरे कोपोंछने सेआपकी त्वचा तुरंत साफ और ताजा महसूस महसूस करती है

2 -वाटर प्रूफ काजल --

महिलाएं अपनी सुन्दरता को निखारने में आँखों परकाफी ध्यान देती हैंकाजल के बिना आँखे अधूरी सी रहती हैं

गर्मियों के मौसम मेंगर्मी और पसीने से काजल फैलने के समस्या आम है

इस समस्या से बचने के लिए वाटरप्रूफ काजल आपकी मदद कर सकता हैवाटर प्रूफ काजल आँखों पर लम्बे समय तक रहता हैयह आँखों को परेशान नहीं करता और सेंसिटिव आँखों बाली महिलाओंके लिएभी उपयुक्त होता है

जेल आधारित काजल 12 घण्टों तक टिका रहता हैजिसे आप ब्रश की मदद से लगासकती हैं

जहां तक सम्भव हो तो काजल की पतली लाइन लगाएं पतली लाइनें कम फैलती है जिससे आपका चेहरा पूरा दिन साफ और सुन्दर दीखता हैपतली लाइनें ज्यादा प्रकृतिक दिखती हैं और यात्रा के दौरान मेक अप के लिए सबसे ज्यादा उपयुक्त होती हैं क्योंकि पतली लाइन को ठीक करना भी आसान होता है

3 - ग्लिटर--जब भी आपछुट्टियाँ मनाने के लिए जाते हैंतो अमुमन रात को बाहर पार्टियों में जरूर जाना पड़ता हैरात के समय आँखों और नाखूनोंके लुक को बेहतर करने के लिए ग्लिटरका प्रयोग करना चाहिएजिससे आप औरों से बेहतर दिखेंग्लिटर नाखूनों कोएक नया लुक देता है जिससे साधारण मैनीक्योर भी खास दिखने लगता है

ग्लिटर मैनीक्योर अनगिनत प्रकार के कस्टमाइजेशन का अवसर प्रदान करता है औरविभिन्न साइज, रंगों और फिनिश के साथआपके सौन्दर्य को चार चाँद लगा देता है

ग्लिटर कई तरह के नाखूनों और उनकी लंबाई पर बहुत खूबसूरत लगता है। चाहे आपके नाखून छोटे हों या लंबे एक्सटेंशन, ग्लिटर उनकी खूबसूरती को बढ़ा सकता है और उन्हें आकर्षक और सुंदर बना सकता है

4 -ड्राई शैम्पू -

जब भी आप ट्रैवेल कर रहे होते हो तो समय की हमेशा कमी रहती है और बालों को धोने का कम ही समय मिल पाता हैऐसे में ड्राई शैम्पू काफी मददगार सावित हो सकता है

ड्राई शैम्पू पानी रहित उत्पाद है जिसे बालोंको साफ करने के लिएआम तौर पर स्प्रे या पाउडर के रूप में उपयोग किया जाता हैइसे सिर की त्वचापर लगाया जाता है और यह बालों से तेल या सीबमको सोख लेता है जिससे बाल साफऔरतरोताजा दिखते हैं यदि आपकी स्कैल्प संवेदनशील है तो आपको अल्कोहल आधारित यासुगन्धित ड्राई शैम्पू से बचना चाहिएकुछ ड्राई शैम्पू अलग अलग शेड्स में भी आते हैं जोकि आपके बालों की शेड से मैच करते हैं

लेखिका अंतर्राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त सौन्दर्य है और हर्बल क्वीन के रूप में लोकप्रिय है

# उत्तर प्रदेश के चार खिलाड़ी मुख्य ड्रा में प्रथम स्वर्गीय डॉ केएसएम यूनुस आइटा प्राइजमनी टेनिस टूनार्मेंट

लखनऊ उत्तर प्रदेश के चिन्मय देव चौहान, ऋषि यादव, वंश यादव व जॉय दास ने प्रथम स्वर्गीय डॉ केएसएम यूनुस आइटा प्राइजमनी टेनिस टूनार्मेंट के क्वालीफाइंग मुकाबलों के अंतिम राउंड में जीत के साथ मुख्य ड्रा मे प्रवेश किया। इसी के साथ हरियाणा के दो जबकि महाराष्ट्र व राजस्थान के एक-एक खिलाड़ियों ने मुख्य ड्रा में स्थान सुरक्षित किया।

एक लाख रुपए की प्राइजमनी वाले टूनार्मेंट का आयोजन उत्तर प्रदेश टेनिस एसोसिएशन के तत्वावधान में एसडीएस टेनिस अकादमी द्वारा लामार्टिनियर कॉलेज स्थित



लामार्टिनियर लॉन टेनिस फैसिलिटी में किया जा रहा है।

रविवार को क्वालीफाइंग के अंतिम दौर में उत्तर प्रदेश के चिन्मय देव चौहान, ऋषि यादव, वंश यादव, हरियाणा के सुनील कुमार व हर्ष मलिक, महाराष्ट्र के पांशुल ओबोवेजा और राजस्थान के अमित ने जीत दर्ज की और मुख्य ड्रा में पहुंच गए।

एसडीएस टेनिस अकादमी के संस्थापक सदस्य पवन सागर ने बताया कि इरम ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस द्वारा प्रायोजित टूनार्मेंट में 30 मार्च को मुख्य ड्रा के मैच की शुरूआत सुबह 7:30 बजे होगी। टूनार्मेंट का औपचारिक उद्घाटन शाम 5:30 बजे मुख्य अतिथि प्रकाश डी (आईपीएस, डीजीपी रेलवे) के करकमलों द्वारा किया जाएगा।

# अल्ट्रासाउंड सेंटरों की मनमानी पर गरमाया मामला, अवैध वसूली के आरोपों से मचा हड़कंप जे के पाठक

(जीएनएस)।

पीलीभीत/बीसलपुर। क्षेत्र में संचालित निजी अल्ट्रासाउंड सेंटरों की कार्यप्रणाली को लेकर बड़ा विवाद खड़ा हो गया है। जे के पाठक राष्ट्रीय उपाध्यक्ष, नई क्रांति पार्टी ने बीसलपुर क्षेत्र के कई अल्ट्रासाउंड सेंटरों पर गंभीर आरोप लगाते हुए प्रशासन से सख्त कार्रवाई की मांग की है।

जे.के. पाठक द्वारा दी गई लिखित शिकायत में कहा गया है कि कई सेंटर स्वास्थ्य विभाग के नियमों की खुलेआम अनदेखी कर रहे हैं और मरीजों से तय शुल्क से अधिक धनराशि वसूल रहे हैं।



आरोप है कि कुछ स्थानों पर बिना डॉक्टर के पर्चे के ही अल्ट्रासाउंड जांच की जा रही है, जो कि नियमों के खिलाफ है।

शिकायत में यह भी उल्लेख किया गया है कि मरीजों को अनावश्यक जांच के लिए मजबूर किया जा रहा है, जिससे आम जनता, खासकर गरीब और ग्रामीण वर्ग, आर्थिक रूप से प्रभावित हो रहा है। कई मामलों में जांच प्रक्रिया में पारदर्शिता की कमी और रिपोर्ट को लेकर भी संदेह जताया गया है।

जे.के. पाठक ने कहा कि ह्लस्वास्थ्य सेवाएं लोगों की मूलभूत जरूरत हैं, लेकिन कुछ सेंटर इसे कमाई का जरिया बना चुके हैं। मरीजों के साथ हो रही इस लूट को किसी भी हाल में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।' उन्होंने प्रशासन से मांग की कि ऐसे सेंटरों की तत्काल जांच कर दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाए।

स्थानीय लोगों में भी इस मुद्दे को लेकर आक्रोश देखा जा रहा है। लोगों का कहना है कि स्वास्थ्य सेवाओं में इस तरह की अनियमितताएं न केवल मरीजों का भरोसा तोड़ रही हैं, बल्कि व्यवस्था की साख पर भी सवाल खड़े कर रही हैं।

जनता ने जिला प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग से जल्द हस्तक्षेप कर व्यवस्था में सुधार लाने की मांग की है, ताकि मरीजों को पारदर्शी और सस्ती स्वास्थ्य सेवाएं मिल सकें।

# थाना करछना पुलिस टीम द्वारा अपहरण के अभियोग का 01 वांछित अभियुक्त गिरफ्तार, अपहृता बरामद

(जीएनएस)।

राजधानी लखनऊ /प्रयागराज

दिनांक 29.03.2026*

थाना करछना पुलिस टीम द्वारा थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0सं0 78/2026 धारा 137(2) बीएनएस का नामजद अभियुक्त धीरज कुमार निषाद पुत्र कृष्णा निषाद निवासी मोहब्बतगंज थाना नैनी जनपद प्रयागराज को मुखबिर की सूचना पर आज दिनांक–29.03.2026 को पंचदेवरा ओवर ब्रिज के पास थाना क्षेत्र करछना से गिरफ्तार कर नियमानुसार अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है ।

संक्षिप्त विवरण–

दिनांक 28.03.2026 को वादी के तहरीरी सूचना बावत विपक्षी द्वारा वादी की नाबालिक पुत्री को बहला–फुसलाकर भगा ले जाने के सम्बंध में थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0 78/2026 धारा 137(2) बीएनएस पंजीकृत किया गया था । थाना करछना पुलिस टीम द्वारा दिनांक–28.03.2026 को ही अपहृता की बरामदगी करते हुए आज दिनांक 29.03.2026 को अभियुक्त धीरज कुमार निषाद उपरोक्त को थाना क्षेत्र करछना से गिरफ्तार किया गया । विवेचना से अभियोग उपरोक्त में धारा 87 बीएनएस की बढ़ोत्तरी की गई ।




गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण–

धीरज कुमार निषाद पुत्र कृष्णा निषाद निवासी मोहब्बतगंज थाना नैनी जनपद प्रयागराज, उम्र करीब 21 वर्ष ।

संबंधित अभियोग का विवरण–

मु0अ0सं0 78/2026 धारा 137(2)/87 बीएनएस थाना करछना कमिश्नरेट प्रयागराज ।

गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम–

1. उ0नि0 शैतान सिंह, थाना करछना कमिश्नरेट प्रयागराज।
2. का0 हरीश कुमार, थाना करछना कमिश्नरेट प्रयागराज ।

# शिशु विहार इंटर कॉलेज बीसलपुर में पुरस्कार वितरण समारोह, मेधावी छात्र-छात्राएं सम्मानित





(जीएनएस)।

बीसलपुर। बीसलपुर स्थित शिशु विहार इंटर कॉलेज में वार्षिक परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र–छात्राओं के लिए भव्य पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मेधावी विद्यार्थियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामनाएं की गईं।

विद्यालय के प्रधानाचार्य प्रभात कुमार सक्सेना ने छात्रों को सम्मानित करते हुए कहा कि शिक्षा के साथ–साथ प्रतियोगिताएं और खेलकूद गतिविधियां बच्चों के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। इस दौरान विद्यालय में आयोजित जीके प्रतियोगिता का परिणाम भी घोषित किया गया, जिसमें सीनियर एवं जूनियर वर्ग के प्रथम और द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्र–छात्राओं को पुरस्कृत किया गया। इसके अतिरिक्त 30 ह्यशांतनु पुरस्कारह्न भी प्रदान किए गए।

कार्यक्रम में आयोजित वार्षिक क्रीड़ा समारोह के विजेता छात्र–छात्राओं को मेडल देकर सम्मानित किया गया। समारोह में विद्यालय के प्रबंधक संजीव लोचन गुप्ता, अध्यक्ष वीरेंद्र अग्रवाल, उपाध्यक्ष ओम गुप्ता, कोषाध्यक्ष गोपाल कृष्ण अग्रवाल तथा कमेटी सदस्य सुनील गोयल व सुधीर गुप्ता उपस्थित रहे।

प्रधानाचार्य ने बताया कि विद्यालय समय–समय पर शैक्षिक एवं खेलकूद प्रतियोगिताओं का आयोजन करता रहता है, जिससे छात्रों की प्रतिभा निखरती है और नई–नई क्षमताओं का विकास होता है। कार्यक्रम के अंत में सभी विजेता छात्र–छात्राएं पुरस्कार पाकर अत्यंत प्रसन्न नजर आए।

# जिन मामलों में कानून के तहत केवल परिवाद (शिकायत) का प्रविधान है, उनमें एफआईआर दर्ज करना पूरी तरह गलत : डीजीपी

(जीएनएस)।

राजधानी लखनऊ

लखनऊः डीजीपी राजीव कृष्ण ने पुलिस अधिकारियों को निर्देश जारी किया है कि जिन मामलों में कानून के तहत केवल परिवाद (शिकायत) का प्रविधान है, उनमें एफआईआर दर्ज करना पूरी तरह गलत है। इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ खंडपीठ द्वारा इस विषय पर आपत्ति जताए जाने के बाद डीजीपी ने यह निर्देश जारी किया है।

उन्होंने निर्देश में स्पष्ट किया है कि कई बार पुलिस नियमों के विपरीत एफआईआर दर्ज कर लेती है। इससे आरोपित को न्यायालय में लाभ मिल जाता है। साथ ही पूरी जांच प्रक्रिया प्रभावित होती है।




हाईकोर्ट की टिप्पणी के बाद इसे गंभीर त्रुटि मानते हुए डीजीपी ने सभी पुलिस अधिकारियों को निर्देश दिया है कि किसी भी मामले में एफआईआर दर्ज करने से पहले यह अनिवार्य रूप से जांच लें कि संबंधित मामले में एफआईआर दर्ज करने का कानूनी प्रविधान है या नहीं।

उन्होंने ने यह भी स्पष्ट किया कि ऐसे मामलों में मानहानि, घरेलू हिंसा, निगोशिएबल इंस्ट्रूमेंट एक्ट (चेक बाउंस), माइंस एंड मिनरल एक्ट, कंज्यूमर प्रोटेक्शन एक्ट और पशुओं के साथ क्रूरता जैसे मामले शामिल हैं।

साथ ही दहेज सहित 30 अलग–अलग कानूनों में केवल अदालत में परिवाद दाखिल करने का ही प्रविधान है। उन्होंने सभी थाना प्रभारियों और विवेचकों को निर्देशित किया कि वे कानून के प्रविधानों का गंभीरता से अध्ययन करें और उसी के अनुसार कार्रवाई सुनिश्चित करें।

साथ ही चेतावनी दी है कि यदि कोई अधिकारी इन निदेर्शों का उल्लंघन करता पाया गया, तो उसके खिलाफ विभागीय कार्रवाई की जाएगी `

# थाना नैनी पुलिस व नारकोटिक्स टास्क फोर्स कमिश्नरेट प्रयागराज की संयुक्त टीम द्वारा 01 अभियुक्त गिरफ्तार

(जीएनएस)।

राजधानी लखनऊ /प्रयागराज

दिनांक 29.03.2026*

कब्जे से 52 कि0ग्रा0 अवैध गांजा त्नअनुमानित कीमत करीब दो लाख दस हजार रुपए (2,10,000/–फ्र)त्न तथा घटना में प्रयुक्त 01 चार पहिया वाहन हुंडई औरा व 01 स्मार्टफोन बरामद ।

थाना नैनी पुलिस व नारकोटिक्स टास्क फोर्स कमि0 प्रयागराज की संयुक्त टीम द्वारा दिनांक 28.03.2026 को मुखबिर की सूचना पर अभियुक्त विकास पाल पुत्र राम अवतार पाल उर्फ रामआधार पाल निवासी ग्राम सैदपुर थाना करैली जनपद प्रयागराज को पुराना यमुना पुल के पास थाना क्षेत्र नैनी से गिरफ्तार कर अभियुक्त उपरोक्त के कब्जे से 02 बोरी में कुल 52 किलोग्राम अवैध गांजा तथा घटना में प्रयुक्त 01 चार पहिया वाहन (बिना नम्बर प्लेट की ) हुंडई औरा कार व 01 स्मार्टफोन बरामद किया गया । उक्त गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर थाना नैनी पर मु0अ0सं0 156/2026 धारा 8/20/29/60 ठ्ठ्रद्घर अ्र३ पंजीकृत किया गया । नियमानुसार अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है ।

पूछताछ का विवरण–

पूछताछ पर अभियुक्त विकास पाल उपरोक्त ने बताया कि मै यह गांजा एक व्यक्ति के बताये स्थान






पर पहुंचाने का काम करता हूं जिसके बदले मे मुझे रुपये मिलते है । दिनांक 28.03.2026 को उस व्यक्ति ने मुझे बुलाया था और उसने मुझे यह औरा गाडी मे गांजा रखकर दिया था और मुझे बताया था कि यह गाडी मै किसी से मांग कर लाया हूं और तुम्हे इसी गाड़ी से यह गांजा कोरांव पहुंचाना है । जब तुम कोरांव पहुंच जाना तो मुझे बताना तब मै तुम्हे बताऊंगा कि यह गांजा कहां उतारना है । मै सिर्फ गाड़ी चला कर गांजा पहुचाता हूं । मुझे अन्य जानकारी नही है। वह व्यक्ति कहा मिलेगा, मुझे मालूम नहीं है ।

गिरफ्तार अभियुक्त का विवरणझ

विकास पाल पुत्र राम अवतार पाल उर्फ रामआधार पाल निवासी ग्राम सैदपुर थाना करैली जनपद प्रयागराज, उम्र करीब 23 वर्ष ।

बरामदगी का विवरण–

1. 02 बोरी अवैध गांजा वजन 52 किलोग्राम त्नअनुमानित कीमत करीब दो लाख दस हजार रुपए (2,10,000/–फ्र)त्न
2. 01 चार पहिया वाहन (बिना नम्बर प्लेट की) हुंडई औरा कार (घटना में प्रयुक्त)
3. 01 स्मार्टफोन मोटोरोला (घटना में प्रयुक्त)

आपराधिक इतिहास/पंजीकृत अभियोग–

1. मु0अ0सं0 156/2026 धारा 8/20/29/60 ठ्ठ्रद्घर अ्र३ थाना नैनी कमि0 प्रयागराज ।
2. मु0अ0सं0 1395/18 धारा 379/411/413/414/467/468/471 भादवि थाना धूमनगंज कमि0प्रयागराज ।
3. मु0अ0सं0 90/2019 धारा 379/411/413/414/467/468/471 भादवि थाना शाहगंज कमि0प्रयागराज ।
4. मु0अ0सं0 93/2019 धारा 25 आर्म्स एक्ट थाना शाहगंज कमि0प्रयागराज ।

गिरफ्तारी/बरामदगी करने वाली पुलिस टीम–

थाना नैनी पुलिस टीम

1. प्र0नि0 बृजकिशोर गौतम
2. उ0नि0 श्रीराम उपाध्याय
3. उ0नि0 उत्कर्ष सिंह
4. उ0नि0 राजकुमार राय
5. का0 विकास उपाध्याय
6. का0 जयमेश कुमार

नारकोटिक्स टास्क फोर्स कमि0प्रयागराज

1. उ0नि0 सत्येन्द्र प्रधान (प्रभारी)
2. उ0नि0 मनीष कुमार
3. हे0का0 सत्येश राय
4. कां0 आशीष यादव
5. का0 नीरज पान्डेय

# ट्रैक्टर से बाइक की टक्कर बाइक पर सवार एक की मौत एक गंभीर रूप से घायल।

(जीएनएस)।

उन्नाव जिले के बेहटा मुजावर थाना क्षेत्र में एक सड़क हादसे में राजमिस्त्री की मौत हो गई। शनिवार देर शाम गोसवा गांव के पास एक ट्रैक्टर–ट्रॉली से बाइक टकराने के बाद यह घटना हुई। हादसे में बाइक सवार एक अन्य युवक गंभीर रूप से घायल हो गया।

जानकारी के अनुसार, गोसवा गांव के दो मजदूर शनिवार रात करीब आठ बजे बाइक से घर लौट रहे थे। गोसवा पुल के पास रास्ते में खड़ी एक ट्रैक्टर–ट्रॉली में उनकी बाइक पीछे से जा घुसी। स्थानीय





लोगों ने घायल बाइक सवारों को बांगरमऊ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया।

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में डॉक्टरों ने राजमिस्त्री कमल किशोर को मृत घोषित कर दिया। वहीं, गंभीर रूप से घायल प्रदीप को लखनऊ ट्रॉमा सेंटर रेफर किया गया। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है।

मृतक की पहचान मटुकरी गांव निवासी 50 वर्षीय कमल किशोर पुत्र गंगा प्रसाद के रूप में हुई है, जो पेशे से राजमिस्त्री थे। हादसे में घायल 25 वर्षीय युवक प्रदीप पुत्र रामरतन है। मृतक कमल किशोर के परिवार में उनकी पत्नी मुन्नी और पांच बच्चे हैं, जिनमें एक बेटा और चार बेटियां शामिल हैं। बेटियों में नेहा विवाहित हैं, जबकि अनुष्का, निकिता और अनामिका अविवाहित हैं।

# गांव में लॉन्च हुआ RURBOO एप्स लोगों को राइड बुक करने में मिली राहत

(जीएनएस)।

RURBOO एक ग्रामीण मोबिलिटी प्लेटफॉर्म है, जिसे पूरे भारत के ग्रामीण और छोटे कस्बाई क्षेत्रों के लिए विकसित किया गया है। इसका उद्देश्य गांवों में संगठित और सुलभ परिवहन व्यवस्था उपलब्ध कराना है, जिससे स्थानीय लोगों को आसानी से यात्रा की सुविधा मिल सके।

इस प्लेटफॉर्म के माध्यम से यात्री अपने आसपास के ड्राइवरों से जुड़कर सवारी बुक कर सकते हैं, वहीं स्थानीय ड्राइवरों को रोजगार के नए अवसर प्राप्त होते हैं।



फ्वफ्ह्रडड के संस्थापक आदर्श कुमार पांडेय हैं, जो स्वयं एक गांव से आते हैं। उन्होंने ग्रामीण क्षेत्रों में परिवहन से जुड़ी समस्याओं को करीब से महसूस किया है और उन्हीं अनुभवों के आधार पर इस समाधान को विकसित किया है। खास बात यह है कि इस पहल की शुरूआत भी उनके अपने गांव, सहिला (जिला उन्नाव, उत्तर प्रदेश) से की जा रही है।

इसकी आधिकारिक लॉन्चिंग 27 मार्च 2026 को सहिला गांव में आयोजित की गई

जिसमें प्रशासनिक अधिकारी, मीडिया प्रतिनिधि और अन्य गणमान्य व्यक्तियो शामिल हुए।

प्रारंभिक चरण में इस सेवा को उन्नाव और रायबरेली जिलों में शुरू किया जाएगा, जिसके बाद इसे चरणबद्ध तरीके से अन्य जिलों और पूरे देश में विस्तार देने की योजना है।

# मुंगारी टोल प्लाजा पर वाहनों से की जा रही अवैध वसूली की शिकायत पर टीम गठित कर तीन अभियुक्त गिरफ्तार

(जीएनएस)।

राजधानी लखनऊ /प्रयागराज

औद्योगिक क्षेत्र स्थित चल रहे मुंगारी टोल प्लाजा पर काफी समय से आने जाने वाले वाहनों और ओवर लोड वाहनों से की जा रही अवैध वसूली की शिकायत पर टीम गठित कर तीन अभियुक्तों को गिरफ्तार कर कार्रवाई करते हुए जेल भेजा गया है।

थाना प्रभारी कमलेश पटेल के मुताबिक 27 मार्च को हैवी ट्रक आपरेटर वेलफेयर एसोसिएशन के प्रदेश उपाध्यक्ष कमल कुमार मिश्रा ने शिकायत की थी कि यमुनापार के तीनो टोल प्लाजा मुंगारी, उमापुर, हर्रो टोल प्लाजा पर ओवरलोडे के नामे पर धमकी देकर वाहनों से अवैध वसूली की जा रही है। इसके बाद मामले को गंभीरता से लेते हुए एक




टीम गठित की गई।

– तीन ट्रकों के रोकने पर हुआ शक

टोल प्लाजा पर दिखा आगया कि 3 ट्रक मिजार्पुर की ओर से आये और रुक गये। इसके बाद कुछ टोल कर्मी ट्रको के पास पहुंचकर बात करने लगे। इसी बीच विवाद शुरू हो गया। ओवर लोड वाहनों से 2 हजार रुपये लेने की बात पर ट्रक ड्राइवरों ने कुछ पैसे निकालकर टोलकर्मियों को दे दिया। उसी दौरान टीम ने तीन लोगों को मौके से पकड़ लिया । जबकि कई लोग मौके से फरार हो गये। मौके पर 3 ट्रक भी खडे हैं और चालक भी मौजूद थे। पकडे गये दोनो व्यक्तियों का नाम अनुज यादव पुत्र बलवीर सिंह निवासी ग्राम नगला हिमायू थाना सिरसागंज फिरोजाबाद, और श्याम जी यादव पुत्र रामपति यादव निवासी मुंगारी जिरई का पुरा है। वहीं भागने वाले में मैनेजर दिलीप यादवे नितिन यादव है।

– टोल प्लाजा से दूर बैठता था मैनेजर

पकड़े गए अभियुक्त ने बताया कि टोले प्लाजा से 300 मीटर संतोष दूबे बैठेते है। जिन्हे वसूली कर पैसा दे देते हैं। पकड़े गए दोनों युवकों के पास से 15150 रुपये मिले। ओवर लोड गाडी से 1500 से 2000 ले लेते है। इसके बाद जनरल मैनेजर सन्तोष कुमार दुबे को देते है। इनके अंडर में दो अन्य टोल प्लाजा है।

# नैनी पुलिस और नारकोटिक्स फोर्स की बड़ी कार्रवाई, 52 किलो अवैध गांजे के साथ तस्कर गिरफ्तार

(जीएनएस)।

राजधानी लखनऊ /प्रयागराज

प्रयागराज। कमिश्नरेट प्रयागराज के थाना नैनी पुलिस और नारकोटिक्स टास्क फोर्स (एनटीएफ) की टीम ने नशीले पदार्थों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस ने चेकिंग के दौरान 52 किलोग्राम अवैध गांजे के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार किया है। बरामद गांजे की अंतरराष्ट्रीय बाजार में अनुमानित कीमत करीब 2 लाख 10 हजार रुपये बताई जा रही है।

गाड़ी में छिपाकर ले जा रहा था गांजा

पुलिस के अनुसार, संयुक्त टीम ने मुखबिर की सूचना पर संदिग्ध वाहनों की चेकिंग शुरू की। इसी दौरान



सूचना के आधार पर अभियुक्त विकास पाल पुत्र राम अवतार पाल उर्फ रामआधार पाल, निवासी ग्राम सैदपुर, करैली, प्रयागराज को पुराना यमुना पुल के पास नैनी क्षेत्र से गिरफ्तार किया गया। उसके कब्जे से दो बोरियों में कुल 52 किलोग्राम अवैध गांजा, घटना में प्रयुक्त बिना नंबर प्लेट की चार पहिया हुंडई औरा कार तथा एक स्मार्टफोन बरामद किया गया। गिरफ्तारी और बरामदगी के आधार पर थाना नैनी में धारा 8/20/29/60 एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है। नियमानुसार अग्रिम विधिक कार्रवाई की जा रही है।

पूछताछ में कबूला अपराध

पूछताछ के दौरान अभियुक्त विकास पाल ने बताया कि वह गांजा एक व्यक्ति के बताए स्थान तक पहुंचाने का काम करता है, जिसके बदले उसे पैसे मिलते हैं। उसने बताया कि एक व्यक्ति ने उसे बुलाकर औरा कार में गांजा रखकर दिया था और कोरांव पहुंचाने के लिए कहा था। वहां पहुंचने के बाद आगे की जानकारी देने की बात कही गई थी। अभियुक्त ने बताया कि वह केवल वाहन चलाकर गांजा पहुंचाने का काम करता है और उसे अन्य जानकारी नहीं है। पुलिस की इस त्वरित कार्रवाई की सराहना की जा रही है, जो शहर में नशाखोरी पर अंकुश लगाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।